शीर्षयुक्त मादा झींगों की संख्या प्रति कि ग्रा में 60 से 75 में विविध थी। कुल भार का लगभग 56% पूंछ का भार अनुमानित किया।

गभीर सागर महाचिंगट

दक्षिण - पश्चिम तट के गभीर सागर महाचिंगट मात्स्यिकी केवल एक जाति *प्यूरूलस सिवेल्लि* पर आश्रित है। यह गभीर सागर झींगों के साथ रहते है और झींगों के साथ छोटी मात्रा में छोटे और मध्यम आकार के आनायकों में प्राप्त होते है।

इसका वितरण 7°N और 18°N में 150-400 मी की गहराई में होने पर भी हाल में किंये गये वाणिज्यिक प्रचालनों में गभीर सागर महाचिंगट अधिकतः "क्वयलॉन बैंक" से पकडे गये थे। पोताश्रयवार विवरण नीचे प्रस्तुत है।

मुनम्बमः निरीक्षणावधि में कुल अवतरण प्रति घंटे के आनायन में 1 कि ग्रा की दर पर 57% आकलित किया था। दिसंबर और फरवरी के बीच पकड और पकड दर प्रायः समान थी।

कोचीन मात्स्यिकी पोताश्रयः मुनम्बम की तुलना में पकड और पकड दर बहुत कम थी। दिसंबर से मार्च तक की

अवधि में कुल अवतरण प्रति घंटे आनायन में 0.4 कि ग्रा के साथ केवल 25 टन था।

शक्तिकुलंगरा-नीन्डकरा: मुनम्बम और कोचीन की तुलना में *पी. सिवेल्ली* का अवतरण इन केंद्रों में खूब अच्छा था। प्रति घंटे आनायन में 1.8 कि ग्रा की दर पर कुल अवतरण 492 टन आकलित किया था। अधिकतम पकड दिसंबर में प्राप्त हुई तो अगला स्थान मार्च का था। उच्च पकड दर नवंबर में रिकार्ड की थी। फरवरी और दिसंबर में भी क्रमशः उच्च पकड दर देखी गयी थी।

तीनों केंद्रों से कुल महाचिंगट अवतरण 574 टन आकलित किया था। इसमें प्रति घंटे आनायन 1.4 कि ग्रा के साथ शक्तिकुलंगरा - नीन्डकरा का योगदान 85.7% था। मुनम्बम और कोचीन पोताश्रयों के द्वारा योगदान क्रमशः 9.9% और 4.4% था।

जैविक अध्ययन: सभी अवतरण केंद्रो से आकार, लिंग अनुपात और प्रजनन संबधी डाटा संग्रहित किया।

पी. सीवेल्ली की कुल लंबाई नर और मादा दोनों में 76-210 मि मी के बीच थी। कुल मात्स्यिकी में दो प्रकार के आकार, यानी 106-130 मि मी और 151-180 मि मी के नर झींगे और 96-130 मि मी और 156-175 मि मी लंबाई रेंच की मादा झींगे प्रमुख थे। 151-185 मि मी के बडे महाचिंगट दिसंबर - जनवरी के दौरान प्रमुख थे। जनवरी में 106 से 130 मि मी के छोटे महाचिंगट मात्स्यिकी में उपस्थित हुए थे जो अनुगामी महीनों में प्रमुख रहे।

नर और मादा झींगों की संख्या प्रायः समान थी। फरवरी को छोडकर बाकी महीनों में अंडोंयुक्त मादा झींगों की संख्या काफी उच्च थी। अंडोंयुक्त मादा झींगों की प्रतिशतता विभिन्न महीनों में 15.7 से 45.4 के बीच विविध थी जो एक लंबी प्रजननावधि सूचित करती है।

मूल्य संरचना:

मत्स्यन मौसम के प्रारंभिक हफ्तों में पान्डालिड झींगे *एच. वुडमासोनी* और *पी. स्पिनिपेस* और पेनिआइड झींगा *एम. आन्डमान्सिस* ने प्रति कि ग्रा 40-50/-रु तक का उच्च मूल्य प्राप्त किया। बादं में हुए उच्च अवतरणों के साथ मूल्य प्रति कि ग्रा 30-40/- रु में घट गया और 25 से 35/- रु के बीच स्थिर रहा। *एच. गिब्बोसस* और *ए. अलकोकी* ने बडे आकार के कारण प्रति कि ग्रा के लिए क्रमशः 50-60/- रु और 80-100/-रु की दर में मूल्य प्राप्त किया। आकार के आधार पर गभीर सागर महाचिंगट का मूल्य प्रति कि ग्रा 100-150/- रु के बीच विविध था।

निष्कर्ष:

हाल में किये गये वाणिज्यिक प्रचालनों में देखी गयी पकड दर, झींगा मात्स्यिकी का मिश्रण और प्रमुख जातियों की जैविक विशिष्टता इन्डो-नोरवीजियन परियोजना पोतों के ज़रिए 1967 और 1969 के बीच चलाये अन्वेषणात्मक सर्वेक्षणों और 1988 और 1989 में *एफ ओ आर वी* सागर संपदा द्वारा मात्र कवचप्राणियों केलिए चलाये गये सर्वेक्षणों के परिणामों से समानता रखती है। इन्डो-नोरवीजियन परियोजना प्रचालनों में गभीर सागर झींगों की कुल पकड दर प्रति घंटे 89.5 कि ग्रा आकलित की थी। सागर संपदा प्रचालन में 235 और 421 मीटरों से पकड दर प्रति घंटे 75 कि ग्रा थी। उपर्युक्त पकड दर इसी तल में 4 ½ महीनों तक लगभग 100 पोतों द्वारा चलाये गये हाल के प्रचालन की पकड दर प्रति घंटे 58 कि ग्रा से तुलनीय है। इन्डो-नोरवीजियन प्रचालनों में *एच. वुडमासोनी* (41.35%), *पी. स्पिनिपस* (22%), *आरिस्टेस सेमिडेन्डाटस* (10.28%) और *एच. गिब्बोसस* (6.90%) प्रमुख घटक थे। सागर संपदा प्रचालनों में *प्लेसियोनिका स्पिनिपस, एच. वुडमासेनी, एच. गिब्बोसस* और *ए. अलकोकी* मुख्य गभीर सागर झींगे थे। हाल में किये गये वाणिज्यिक प्रचालनों का जाति मिश्रण प्रायः उपर्युक्त प्रचालनों के समान था। देखी गयी एकमात्र विभिन्नता हाल के प्रचालनों में *एम. आन्डमान्सिस* की भारी उपलब्धता थी। आकार, लिंग अनुपात और प्रजनन स्टॉक विशेषताएं भी पहले किये गये सर्वेक्षणों और हाल के सर्वेक्षणों से निकटतम समानता रखती थी।

भारत सरकार द्वारा चिंगट संपदाओं की शक्यता जांचने केलिए नियुक्त समिति ने दक्षिण-पश्चिम तट में गभीर सागर झींगों की विदोहनीय शक्यता 3500 टन आकलित किया (1984)। इस काम पर लगे अन्य कार्यकर्ताओं के आकलन भी 3500 से आगे नहीं बढा। लेकिन हाल में छोटे और मध्यम आकार के आनायों द्वारा किये गये प्रचालन उपर्युक्त बातों को टाल दिया। 4½ महीनों की छोटी अवधि में शक्तिकुलंगरा, कोचीन और मुनम्बम में प्रचालित वाणिज्यिक पोतों ने 23000 टन से भी ज़्यादा गभीर सागर झींगों का संग्रहण किया। अभी तक अविदोहित इन तलों से प्राप्त भारी पकड और पकड दर इन तलों से गभीर सागर झींगों की नियमित प्रचुरता का सूचक तो नहीं, फिर भी गंभीर सागर कवच प्राणियों की अच्छी मात्रा इन तलों से प्रत्याशित है।

ऐसी रिपोर्ट की गयी है कि आगामी मौसम में प्रचालन केलिए विभिन्न पोत निर्माणशालाओं में गभीर सागर पोतों का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर यह स्मरणीय है कि गभीर सागर झींगा स्टाक और भी अधिक मत्स्यन दबाव सहन करने की अवस्था में नहीं है और आगामी मौसम में पकड दर कम हो जाने की संभावना है। गभीर सागर झींगा मात्स्यिकी की विशेषता है किशोरों की अनुपस्थिति और अंडोंयुक्त परिपक्व मादा झींगों की अधिकता और इनकी मन्द बढती दर, लंबे जीवन चक्र और निम्न उत्पादकीयता जैसी जैविक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योगों द्वारा मत्स्यन दबाव कम करना ही उचित है।

उत्तर पूर्व तटों की निम्न पकड विशाखपट्टनम में प्रचालित बडे चिंगट आनायों को 1988 और 1999 में गभीर सागर महाचिंगट के मत्स्यन के लिए दक्षिण-पश्चिम तट में आने केलिए प्रेरित किया। इस संपदा का अतिमत्स्यन भंडार को पूर्णतः कम कर दिया। ऐसी स्थिति गभीर सागर झींगों पर नहीं होनी चाहिए।

इसकेलिए आगामी मौसम में मत्स्यन प्रयासों का स्तर, स्टाक का स्वाभाव और इसका इष्टतम विदोहन किया है या नहीं इन बातों का अतिसूक्ष्म निरीक्षण अनिवार्यतः करना समय की आवश्यकता है।

तटीय जलक्षेत्र में प्रचालित छोटे और मध्यम आकार के चिंगट आनाय यह साबित करता है कि कुछ परिवर्तनों और प्रौद्योगिक सुविधाओं के साथ ये गभीर सागर कवच प्राणियों केलिए 400-450 मी की गहराई में प्रचालन कर सकते है। ऐसी स्थिति में गभीर सागर मत्स्यन केलिए बडे आनायों को लाइसेंस देते वक्त सरकार को दुबारा सोचना चाहिए।

* * * *

960 केरल और कर्नाटक के हरित शंबु बीजों का सर्वेक्षण

के.के. अप्पुकुट्टन[1], के. सुनिलकुमार मोहम्मद[1], वी. कृपा[1], पी.के. अशोकन[2], एम. के. अनिल[3], गीता शशिकुमार[4], टी.एस. वेलायुधन[1], पी. लक्ष्मीलता[1], के.पी. सेयदकोया[5], पी. राधाकृष्णन[1], मात्यु जोसेफ[1], पी.एस. अलोषियस[1], वी.जी. सुरेन्द्रनाथन[2], एम.पी. शिवदासन[2], डी. नागराजा[4], जेन्नी शर्मा[1] और मारुति एस. नाइक[3]

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन - 682014

आमुख

दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में समुद्री शंबुओं का व्यापक संवर्धन किया जाता है। भारत से हरित शंबु और भूरा शंबु नाम से जानने वाली दो जातियों, *पेरना विरिडिस* और *पेरना इन्डिकस* की उपस्थिति रिपोर्ट की गयी है। इनमें हरित शंबु भारत के पूर्व और पश्चिम तटों में व्यापक रूप में देखा जाता है, जबकि भूरा शंबु का वितरण दक्षिण पश्चिम तट पर सीमित होता है। देश में शंबु का वार्षिक उत्पादन 6000 और 10,000 टनों के बीच होता है।

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान निर्दशन खेतों की स्थापना, खुले समुद्र कृषि प्रणाली आदि के ज़रिए शंबु कृषि लोकप्रिय बनाने केलिए 1965 से लेकर तीव्र प्रयास

[1]सी एम एफ आर आइ, कोचीन; [2] सी एम एफ आर आइ अ. के.कोषिकोड; [3] सी एम एफ आर आइ अ. के.कारवार; [4] सी एम एफ आर आइ अ. के. मॉंगलूर; [5] के वी के, सी एम एफ आर आइ;

करते आ रहा है। गाँव के लोगों केलिए अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, राज्य सरकारों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने का कार्यक्रम और माध्यमों के ज़रिए प्रचार आदि कार्य शंबु की समुद्र कृषि विकसित होने केलिए सहायक हैं। अकुशल मछुआरों को रोज़गार का अवसर प्रदान करने के साथ 1999 में शंबु संवर्धन कार्यकलापों से 600 टन शंबु भी प्राप्त हुआ। वर्ष 1996 के बाद ही वाणिज्यिक शंबु खेती का विकास यहाँ हुआ है जो कहनेयोग्य उपलब्धि है।

शंबु पालन के वाणिज्यीकरण के साथ शंबु बीजों की माँग भी काफी बढ गयी, विशेषतः केरल और कर्नाटक राज्यों में। शंबु बीजों के उत्पादन केलिए स्फुटनशाला प्रौद्योगिकी विकसित करने पर भी अधिकांश शंबु कृषक बीजों केलिए प्राकृतिक संस्तरों को ही आश्रित करते है। अधिकतर शीतोष्ण जातियों के बीज उपलब्ध होने का मौसम, वितरण और संग्रहण केलिए उपयोग किये जानेवाले चीज़ों से संबंधित डाटा का भी अच्छा प्रलेखन किया गया है। भारत में शंबु जैविकी संबंधित सूचना उपलब्ध है। सी एम एफ आर आइ और एन आइ ओ के कई कार्यकर्ताओं ने भारतीय तटों के विभिन्नों क्षेत्रों में चलायी गयी शंबु कृषि प्रौद्योगिकी और इसके परिणामों का प्राकश भी किया है। शंबु संवर्धन की बढती के साथ बीजों की उपलब्धता संबंधित डाटा भी अनिवार्य बन गया ताकि कृषकों और कार्य पद्धति बनाने वालों को कृषि कार्य केलिए आवश्यक प्रबन्ध किया जा सके।

"कब", "कहाँ" "कितने" आदि प्रश्नों को सुलझाने केलिए केरल और कर्नाटक राज्यों में 1999-2000 के दौरान एक तेज़ बीज निर्धारण सर्वेक्षण चलाया था जिसका परिणाम इस लेख का विषय है।

सांप्लिंग प्रक्रिया

सर्वेक्षण जुलाई से नवंबर 99 तक और नवंबर से अप्रैल 2000 तक क्रमशः केरल और कर्नाटक तटों में चलाया था। जैवमात्रा आकलित करने केलिए 25x25 से मी यूनिट क्षेत्र के चट्टानी/मखरला (लाटेराइट) अधः स्तरों से बीज पूर्णतया संग्रहित किया। उच्च और निम्न अंतराज्वारीय क्षेत्रों से भी नमूने संग्रहित किये थे। बीज जमाव के सन्निकट क्षेत्र निरीक्षण के द्वारा और शंबु संग्रहकों को पूछकर नोट केर लिया। नमूनों को 5 मि मी जालाक्षी के चालनी में छानकर 5 मि मी से बडे स्पाटों को संग्रहित किया और यूनिट क्षेत्र में स्पाटों की कुल संख्या और लंबाई नोट कर लिया। प्रति मी जैवमात्रा की गणना यूनिट क्षेत्र के शंबुओं के कवच सहित भार के आधार के अनुसार की गयी। इस डाटा से प्रति स्थल और क्षेत्र की जैवमात्रा और प्रति कि ग्रा बीजों की संख्या आकलित की गयी।

केरल की शंबु बीज संपदा

केरल में कोल्लम, आलप्पुष़ा, कोचीन, कोष़िकोड, कण्णूर और कासरगोड तटों के आसपास अंतराज्वारीय क्षेत्र में 15 मी की गहराई तक हरित शंबुओं का समृद्ध प्राकृतिक संस्तर उपलब्ध है। भारत के कुल शंबु उत्पादन में 95% इस राज्य से प्राप्त होता है। उत्तर में बीज निर्धारण केलिए उत्तर में परवूर से दक्षिण में कोडुवल्ली तक का क्षेत्र साथ मण्डलों में विभजित किया। तिरुवनन्तपुरम और कासरगोड को छोडकर बाकी सभी तटीय जिलाओं की संपदा शक्यता संग्रहित नमूनों से आकलित किया। जुलाई से नवंबर 99 तक लगभग 7954 टन शंबु बीज वितरित होते हुए देखा। औसत शंबु जैव मात्रा प्रति मी 2915 ग्रा थी। फिर भी स्पाट संग्रहण सितंबर से ही किया जाता है।

दक्षिण केरल

परवूर और परिमानाम के बीच 38,000 मी क्षेत्र में 24 टन हरित और भूरा शंबु की उपस्थिति आकलित की थी। परवूर में दिखाये पडे अधिकतर संस्तर भूरे शंबुओं का था। दिसंबर-जनवरी के दौरान हुए सूख से उच्च अंतराज्वारीय क्षेत्र के जमाव का नाश हुआ। नीन्डकरा (पोर्ट कोल्लम) के उपज्वारीय शंबु संस्तर (हरा और भूरा) साल भर उच्च अतिजीवितता दर और बढ़ती दिखायी।

मध्य केरल

अन्धकारनाष़ी से चेल्लानम तक के क्षेत्र में दोनों जातियों

की अच्छा जमाव देखा गया जहाँ जैवमात्रा 3000 मी में 587 कि ग्रा आकलित की थी। दिसंबर-जनवरी के दौरान के सूख और बालु संचयन शंबु बीजों का नाश कर दिया। मण्डल III में जुलाई- अगस्त के दौरान कोचीन खाडी मुँह के दोनों भागों को जोडकर 13,500 मी² क्षेत्र से औसत 15.7 मि मी के साथ 8.4 टन शंबु बीज आकलित किया था। तटीय गाँवों के सीमाओं में पडी चट्टानी समुद्री भित्तियों में जमाव अधिक था जो दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान समुद्र अपरदन से नष्ट हुआ था। यहाँ के शंबुओं में *विरिडिस* प्रमुख था। अष़ीकोड खाडी मुँह और चावक्काड के बीच 10,125 मी² में शंबु जैवमात्रा 1029 कि ग्रा थी। पेरिंजानम में सूख के कारण नवंबर तक शंबु स्पाटों का नाश हुआ। संग्रहित नमूनों में भूरे शंबु स्पाटों की संख्या विरल थी। फिर भी इस मण्डल के उत्तर भाग में जमे हुए उपज्वारीय बीज मानसूनोत्तर अवधि में भी जलमग्न रहने से शंबु मात्स्यिकी बनी रही।

उत्तर केरल

राज्य के प्रायः 76% बीज जमाव कालिकट जिले के चालियम और चेम्बाला के बीच पडे मण्डल में है जहाँ शंबु स्पाट जमाव केलिए उपयुक्त मखरला (लाटेराइट) अधः स्तर के विस्तृत उपज्वारीय क्षेत्र उपलब्ध है। तटीय क्षेत्र के आसपास तिक्कोडी, चालियम, एलत्तूर और चेम्बाला में स्थित शंबु संस्तर 6995 टनों की जैवमात्रा के साथ 43,50,000 मी² आकलित किया था। एलत्तूर और कोल्लम में बडे शंबुओं के साथ शंबु बीजों का संग्रहण भी करने के कारण शंबू बीजों का नाश देखा गया। माहि के 2,00,000 मी तटीय क्षेत्र में 200 टन जैवमात्रा आकलित की गयी। शंबु स्पाटों का जमाव ग्रानाइट और मखरला चट्टानों में देखा गया। कोडुवल्ली और कण्णूर के तलश्शेरी अंतराज्वारीय और उपज्वारीय क्षेत्रों में 10,00,000 मी² में 23.1 मि मी औसत लंबाई के 725 शंबु स्पाट आकलित किया था।

कर्नाटक की शंबु बीज संपदा

कर्नाटक के तटीय क्षेत्र को 7 मण्डलों में विभजित किया था, 4 दक्षिण कन्नड जिला में और बाकी उत्तर कन्नड में। कुल शंबु जैवमात्रा 50. 675 मी² क्षेत्र में 178 टन आकलित किया था। 73% शंबु संस्तर 23% शंबु जैवमात्रा के साथ उत्तर कन्नड में था। 26 मि मी लंबाई के बीजों सहित औसत जैवमात्रा प्रति मी² 5149 ग्रा आकलित की थी।

दक्षिण कन्नड के शंबु संस्तरें अधिकतः उपज्वारीय स्वाभाव के थे जबकि उत्तर कन्नड में यह अंतराज्वारीय एवं उपज्वारीय होते है। उत्तर कन्नड में केरल से ज़्यादा विस्तृत और प्राकृतिक चट्टानी तट उपलब्ध है।

दक्षिण कन्नड

सोमेश्वरा और यूचिला के बीच पडे तटीय क्षेत्र में 1063 मी² क्षेत्र से लगभग 8 टन शंबु बीज प्राप्त हुआ। संस्तरों में 99% सोमेश्वरा में था। यहाँ औसत शंबु जैवमात्रा प्रति मी² 7718 ग्रा थी। सुरतकल से पडुबिशि तक के दूसरे मण्डल में 1915 मी² क्षेत्र से 22 टन शंबु बीजों की उपस्थिति देखी गयी। राज्य के कुल शंबु संस्तरों के केवल 3.7% होने पर भी कुल जैवमात्रा में प्रायः 12% की उपस्थिति यहाँ होती थी। तीसरा मंडल यानी बाडा यूचिला और माल्प के बीच के क्षेत्र में 6292 मी² क्षेत्र में 59'टन शंबु बीज देखा गया। यह दक्षिण कन्नड में अधिकतम जैवमात्रावाला और स्पाट जमाव केलिए उपयुक्त क्षेत्र था। माल्प, कापू और बाडा यूचिला स्पाट संग्रहण केलिए उचित क्षेत्र थे। माल्प और कून्डापूर के बीच के क्षेत्र में शंबु संपदा बिलकुल अनुपस्थित थी। गंगोली तक विस्तृत ट्रासी - बाइन्डूर संस्तरों में 4280 मी² क्षेत्र में शंबु जमाव देखा गया। यहाँ शंबु बीज जैवमात्रा राज्य की कुल शंबु बीज जैवमात्रा के 25% होते हुए 42 टन आकलित की थी।

उत्तर कन्नड

बासालदुर्ग और कुमाटा के बीच पडे क्षेत्र में 2280 मी² का क्षेत्र 21 टन शंबु जमाव के साथ देखा गया। निकटवर्ती मण्डल में 21,526 मी² के शंबु बीज जमाव के साथ विस्तृत क्षेत्र उपलब्ध था। इस क्षेत्र में 7 स्थानों में 26 टनों तक का शंबु बीज उपस्थित था। हरवाडा और कुवाटा के बीच शंबु जैवमात्रा 19 टन आकलित की थी।

बसाव प्रतिमान और अंडजनन अवधि

स्पाट जमाव और स्पाट की लंबाई पर किया गया विश्लेषण दक्षिण से उत्तर तक सुस्पष्ट जमाव की सूचना देती

है। केरल के दक्षिण भागों में जुलाई में प्रारंभ होने वाला जमाव उत्तर में अगस्त-सितंबर से ही प्रारंभ होता है। कर्नाटक में जमाव सितंबर-अक्तूबर से ही शुरू होता है।

शंबुओं का अंडजनन दक्षिण और मध्य केरल में जून-जुलाई से प्रारंभ होता है तो उत्तर केरल में यह जुलाई/ अगस्त से प्रारंभ होता है। दक्षिण कर्नाटक का प्राकृतिक पर्यावरण अगस्त से जमाव केलिए तैयार हो जाता है तो उत्तर कर्नाटक में अंडजनन अवधि सितंबर मध्य से नवंबर तक होती है। दक्षिण केरल से उत्तर कन्नड तक हरित शंबुओं पर दिखाया पडा यह अंडजनन प्रतिमान जमाव में भी प्रतिबिंबित करता है।

द्विकपाटियों की यही विशेषता है कि इनका अंडजनन जल के तापमान में होनेवाले तेज़ परिवर्तनों से प्रभावित होता है। दक्षिण एवं उत्तर केरल और कर्नाटक की तुलना में दक्षिण और मध्य केरल में वर्षा की तीव्रता पहले कम हो जाती है और परिणामतः जल का तापमान बढ जाता है। जमाव का दक्षिण से उत्तर की प्रगति पाने का यही एक कारण माना जा सकता है। यद्यपि एक अंतिम निर्णय लेने के पहले जल का तापमान, गर्मी के दिनों की संख्या आदि प्राचलों पर विस्तृत विश्लेषण करना अनिवार्य है।

अभ्युक्तियाँ

दो दक्षिण स्थित राज्यों में शंबु बीज जमाव पर चलाये गये सर्वेक्षण की विविधता का सारांश इस प्रकार है। अंतराज्चारीय और उपज्चारीय क्षेत्रों में तीन विभिन्न अधःस्तरों यानी प्राकृतिक चट्टानी तट, माखरल चट्टानों और समुद्र भित्तियों के रूप में रखे हुए ग्रानाइट चट्टानों में स्पाट जमाव होता है और मानसून के दौरान समुद्र अपरदन में पड जाते है। यह देखा गया कि प्रथम दो अधः स्तरों में जमे बीज बढकर संग्रहण योग्य आकार प्राप्त करते है। फिर भी समुद्र भित्तियों में जमे स्पाट बालु जमाव के कारण नष्ट हो जाते है। मध्य केरल तट में हर साल प्राकृतिक स्पाटों की भारी मात्रा में नाश होता है। इस संपदा को कृषि केलिए उपयोग किये जाये तो ये नाश होनेवाले बीजों का एक वाणिज्यिक समुद्रीखाद्य उत्पाद के रूप में बढाया जा सकता है।

केरल तट में स्पाट जमाव जुलाई में होने पर भी बीज संग्रहण और कृषि केलिए तट की तैयारी केवल सितंबर से ही होती है। इस प्रकार केरल और कर्नाटक तटों में स्पाट संग्रहण केलिए उपयुक्त अवधि क्रमशः अगस्त - जनवरी और अक्तूबर - जनवरी होती है। जमे हुए स्पाटों में एक अच्छा भाग विभिन्न पर्यावरणीय स्थितियों के कारण नष्ट हो जाता है। कम से कम 65% जैवमात्रा कृषि केलिए उपयुक्त की जा सकेगी ऐसी उम्मीद में केरल और कर्नाटक में एक मीटर लंबाई की क्रमशः 51,70,000 और 1,16,000 शंबु बीज रस्सियाँ लगाने केलिए शक्यता है। उत्तर केरल तट में बीज संपदा अपेक्षाकृत अधिक होती है और तटीय मछुआरों द्वारा शंबु कृषि भी एक हद तक होती है। सर्वेक्षण के आधार पर शंबु जैवमात्रा घटती के क्रम में इस प्रकार दी जा सकती है: उत्तर केरल, उत्तर कन्नड, दक्षिण कन्नड, मध्य और दक्षिण केरल। लेकिन आगे बढती, नाश आदि के साथ जैवमात्रा में परिवर्तन भी हो सकता है। उपर्युक्त सूचना कृषकों को कृषि संबन्धी योजनाएं बनाने केलिए उपयोगि सिद्ध होगी।

* * * *

961 टूटिकोरिन के चारों ओर के लवणक्यारियों में लैंगिक और अनिषेकजननीय आर्टेमिया का वितरण

एम. राजामणि, एस. लक्ष्मी पिल्लै और एन. रत्नस्वामी

सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन.

आमुखः

भारत में प्राकृतिक पारितंत्र में लवण चिंगट *आर्टेमिया फ्रांसिस्काना* के लैंगिक विकृति पर प्रथम रिपोर्ट राजामणि आदि की है। कारापाड के लवण क्यारियों से हाल में प्राप्त इस रिपोर्ट के परिणाम के रूप में चुने गये स्थानों के लवण क्यारियों में अक्तूबर 97 से मार्च 99 तक प्राकृतिक पारितंत्र में इस विदेशज जाति के वितरण पर तीव्र सर्वेक्षण चलाया।

इसके साथ साथ जलराशिक स्थितियों पर भी अध्ययन चलाया जिसका परिणाम नीचे प्रस्तुत किया जाता है।

सर्वेक्षण चलाये गये स्थान

टूटिकोरिन के चारों ओर स्थित वेप्पालोडाइ, अलंकागातिटटु और उरानी को सर्वेक्षण केलिए चुन लिये थे। महीने में एक बार सर्वेक्षण स्थानों में जाकर लवण जल और अर्टेमिया को संग्रहित करके प्रयोगशाला में लाकर लवणता और पी एच का आकलन किया। लैंगिक जीवसंख्या केवल नर जातियों की उपस्थिति से ही जानी जाती थी। लवण चिंगटों के नॉप्लियस, किशोर और परिपक्व जैसी विविध अवस्थाओं के प्रतिशतता मिश्रण के अध्ययन करने केलिए संग्रहित नमूने से विभिन्न अवस्थाओं के चिंगटों को गिन कर नोट कर लिया।

लैंगिक और अलैंगिक विकृतियों की उपस्थिति

तीन स्थानों के सर्वेक्षण करने पर लैंगिक विकृति *ए. फ्रांसिस्काना* केवल वेप्पालोडाई में ही रिकार्ड की थी। अन्य दो स्थानों में अलैंगिक विकृति *ए. पार्थेनोजेनिटिका* ही पायी गयी थी। वेप्पालोडाई से संग्रहित नमूनों में नर और मादाओं के साथ संगम करने वाले नर प्रचुर थे जब कि अलंगारतिट्टु और उरानी से संग्रहित नमूनों में एक भी नर उपस्थित नहीं था।

लैंगिक और अलैंगिक विकृति में आकार रेंच

संग्रहित नमूनों में परिपक्व मादाओं की कुल लंबाई का मापन किया था। वेप्पालोडाई लवण क्यारियों से संग्रहित नमूनों का आकार 7.2 से 11.2 मि मी में विविध था। अलंकारतिट्टु और उरानी से संग्रहित नमूनों का आकार क्रमशः 7.7 से 12.9 मि मी और 7.3 से 11.7 मि मी में विविध था।

विविध अवस्थाओं का मिश्रण

तीनों संग्रहण स्थानों में नॉप्लि का मिश्रण उच्च था जिस से सूचना मिलती है कि संग्रहण स्थानों की पारिस्थितिकी इसकी अतिजीविता और बढती के लिए उचित है।

लवणक्यारियों की जलराशिक स्थितियाँ

वेप्पालोडाई, अलंगारतिट्टु और उरानी में जल की लवणता क्रमशः 84.0 से 163%, 24.3 से 118% और 26.0 से 166.0% में विविध थी। उपर्युक्त क्रम में तीनों स्थानों का पी एच क्रमशः 7.1 से 8.5, 7.2 से 8.7 और 7.5 से 8.3 था।

अंत में टूटिकोरिन के चारों ओर के लवण क्यारियों में अठारह महीने तक चलाये सर्वेक्षण यह व्यक्त करता है कि लवण चिंगट का लैंगिक विकृति *ए. फ्रांसिस्काना* कारापाड से राजामणि द्वारा की गयी रिपोर्ट के समान वेप्पालोड़ाई में होती है। पर अलंगारतिटटु और उरानी में केवल *ए. पार्थेनोजेनिटिका* ही होती है।

* * * *

962 माल्प की हरित शंबु (*पेरना विरिडिस*) मात्स्यिकी

दक्षिण कन्नड और उडिप्पि तटों में सोमेश्वरा उचिला से उल्लाल तक (दक्षिण माँगलूर), सूरतकल, पडुबिद्रि, काप से माल्प तक, गंगोली से बाइन्डूर तक और भट्कल से जाली (उत्तर माँगलूर) तक फैले पडे अंतराज्वारीय चट्टानी अधःस्तरों में हरित शंबु *पेरना विरिडिस* पाया जाता है। माल्प से गंगोली तट तक का क्षेत्र पथरीला नहीं है और यहाँ शंबु मात्स्यिकी नहीं है। अंतराज्वारीय क्षेत्रों के तटीय चट्टानों के अलावा तट के लगभग 6 मी दूर पडे उपज्वारीय चट्टानों में शंबु जमाव भारी मात्रा में देखा जाता है। यहाँ हरित शंबु अजीर या पचिला नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों के बीच माँग की कमी के कारण इसका हस्तचयन भी बहुत कम है। फिर भी कर्नाटक और गोआ बाज़ारों को लक्ष्य करके यहाँ की शंबु मात्स्यिकी प्रगति पा रही है।

माल्प में पिछले एक दशक से शंबु विदोहन होते रहने पर भी एक प्रमुख मात्स्यिकी के रूप में इसका आविर्भाव 1990 के वर्षों के अंत में ही हुआ। इसका मत्स्यन मौसम अगस्त महीने के अंत में प्रारंभ होकर अक्तूबर - नवंबर के श्रृंगकाल के साथ मई तक जारी रहता है। एक यूनिट में 4 से 6 कार्मिकों के साथ दो डोंगियाँ होती है और ये महीने में 15 से 20 दिनों तक प्रचालन करती है। साधारणतया एक डोंगी में बाहरी इंजन घटित करके दूसरे को खींचते है। शंबु मात्स्यिकी करने वाले अधिकतः केरल के विभिन्न भागों जैसे टेलिच्चेरी, माही, कोषिकोड और क्वयलॉन से है। स्थानीय मछुओं से प्रति दिन 100/- रु के किराये पर पोत और 50/- रु, के किराये पर बाहरी इंजन लेकर ये लोग मत्स्यन करते है। लगभग 25-45 एकक उपज्वारीय संस्तरों से शंबुओं का हस्तचयन करते है।

अमावासी या पूर्णिमा के पूर्व या बाद के दौरान होनेवाले निम्नज्वार के समय इसका मत्स्यन किया जाता है। निम्नज्वार, शांत जल और धूप संग्रहण केलिए उचित होता है। मछुए 3-4 मी गहराई में डूबकर शंबु संग्रहण करते है। शंबुओं को चाकु या ऐसे कुछ उपकरणों के ज़रिए निकालते है। साधारणताया प्रत्येक एकक 20 से 30 बोरे शंबुओं के साथ वापस आते है।

संग्रहित शंबुओं से छोटों को निकालकर बडे शंबुओं को (20-25 कि ग्रा 100/- रु की दर में) स्थानीय एजेंन्टो को बेचते है जिनके ज़रिए ये केरल और गोआ में आते है।

उत्पादन:

माल्प में सितंबर 1999 से जून 2000 तक का शंबु उत्पादन 2,215 टन आकलित किया गया है। प्रति एकक प्रयास पर पकड 350 से 675 कि ग्रा में विविध थी। शंबुओं की लंबाई 47-107 मि मी के बीच थी। परिपक्व शंबुओं के साथ शंबु स्पाटों को भी जाने या अनजाने निकाले जाते है।

लाभप्रद होने पर भी डाइविंग और अन्य असुविधाओं के कारण स्थानीय मछुए शंबु मात्स्यिकी में उतनी रुचि नही प्रकट करते है। यह भी नहीं, उनका यह विश्वास है कि डूबे संस्तरों में शंबु स्टाक और वाणिज्यिक मत्स्यन प्रचालनों से प्राप्त पकड के बीच एक परोक्ष संबंध है। फरवरी 2000 में माल्प में शंबु संग्रहण करने वालों और स्थानीय मछुओं के बीच हुए टकराव के कारण बीच में रुके संग्रहण बाद में अप्रैल से प्रारंभ होकर मानसून तक जारी रहा।

संसाधन:

मई 2000 में 7,500 कि ग्रा आधे कवच के साथ हिमशीतित मांस दक्षिण अफ्रिका को निर्यात किया। यह संसाधित मांस को प्रति कि ग्रा 1.73/- रु की दर पर मूल्य प्राप्त हुआ। इस प्रकार 1999-2000 के दौरान कुल निर्यात मूल्य 5,82,750/- रु था। (एम पी ई डी ए, माँगलूर, निजी सूचना)

संसाधन केलिए शंबुओं को बांटकर समुद्र जल में साफ करते है। इसके बाद 12 घंटों तक समुद्रजल में निमज्जित रखते है। बाद में इन शंबुओं को जाल की थैलियों में डालकर उबालते जल में एक मिनट केलिए निमज्जित रखते है। फिर ठण्डा होने तक रखते है। इस समय तक शंबु कवचों के बीच एक छेद दिखाया पडता है जिसके ज़रिए शंबुओं को हाथों से खुलाया जाता है और कवच का आधा भाग निकालते है और मांस सहित आधा भाग हिमशीतित करते है।

अभ्युक्तियाँ

केरल तट की शंबु मात्स्यिकी अंतराज्वरीय है तो माल्प की उपज्वारीय होती है। माल्प के 2,215 टनों तक आकलित वार्षिक शंबु उत्पादन कुल शंबु उत्पादन के 20% होता है। अतः सागरी चट्टानी क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण अभी तक अविदोहित संस्तरों पर प्रकाश डालेगा।

सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केन्द्र, माँगलूर के गीता शशिकुमार, प्रतिभा रोहित और डी. नागराजा द्वारा तैयार की गयी रिपोट

963 टूटिकोरिन खाडी की कांच शुक्ति मात्स्यिकी पर एक रिपोर्ट

आन्ध्रा प्रदेश की काकिनाडा खाडी और कछ खाडी के ओखामाण्डल तट से मोती और कवचों के लिए कांच शुक्तियों का मत्स्यन नियमित रूप से किया जाता है। टूटिकोरिन में नियमित नहीं होने पर भी वर्ष 1995 में और पाँच वर्षों के बाद फरवरी-मार्च 2000 में उपर्युक्त उद्देश्य से इन शुक्तियों का मत्स्यन किया था। यह रिपोर्ट फरवरी-मार्च 2000 में उपलब्ध हुई शुक्तियों के आकार, संख्या और शुक्तियों में दिखाये पडे प्राकृतिक मोती पर है।

टूटिकोरिन खाडी में कांच शुक्तियाँ 0.5 से 3.5 मी गहराई रेंच के सख्त मृण्मय तल में दिखायी पडती है। इन स्थानों में समुद्री घास की ठोस बढती भी दिखायी पडी जहाँ शुक्तियाँ अपतृणों के बीच पंक में दिखायी पडी थीं। स्थानीय मछुए निम्नज्वार के समय इन शुक्तियों को हाथों से संग्रहित करते थे। रोज़ 4-5 घंटों तक यह संग्रहण चलता था। मोती संग्रहण तट पर किया था। स्त्रियों और बच्चे सहित करीब 50 लोग इस मात्स्यिकी में लगे हुए थे। प्रति व्यक्ति द्वारा औसत 50 शुक्ति की दर में यहाँ से प्रति दिन 2500 शुक्तियों का संग्रहण होता था। लगभग 15 दिनों तक यह मात्स्यिकी जारी रही। ऐसा अनुमान है इस अवधि में कुल 37,500 शुक्तियों का संग्रहण हुआ था।

संग्रहित शुक्तियों की निम्नतम लंबाई 80 मि मी और अधिकतम 160 मि मी थी। पकड में 27.9% 110-120 मि मी लंबाई की थी।

86.36% शुक्तियों में मोती पाया गया। केवल एक शुक्ति में 14 मोती पाये गये और औसत प्रति शुक्ति मोती तीन थे। 105-110 मि मी आकार वाली शुक्तियों में मोती की उपस्थिति उच्च थी। मोतियों में सबसे छोटा 1.0 मि मी का और सबसे बडा 4.0 मि मी व्यास का था। मोतियों में 37.14% 2.6 से 3.0 मि मी के थे।

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन के डी.सी.वी. ईस्टरसन, एस. धर्मराज और ए. चेल्लम की रिपोर्ट.

964 गुजरात के सीमार में डोल जाल में काला शिंशुक *नियोफोसीना फोसिनोइड्स* जी. कुविर की पकड

गुजरात के सीमार बुन्दर से प्रचालित एक डोल जाल में एक काला शिंशुक *नियोफोसीना फोसिनोइड्स* जी. कुविर

पकडा गया। इसका शारीरिक मापन से मी में नीचे दिया जाता है।

कुल लंबाई	: 88.5
प्रोथाग्र से वातन छिद्र तक की लंबाई	: 13.5
प्रोथाग्र से आँख के मध्य तक की लंबाई	: 11
प्रोथाग्र से अरित्र के अग्र निवेशन तक की लंबाई	: 22
प्रोथाग्र से गुद मध्य तक की लंबाई	: 58.5
पर्णाभ से गुद मध्य तक की लंबाई	: 26.7
बाह्य वक्रता पर पर्णाभ की लंबाई	: 17.5
आन्तरी वक्रता पर पर्णाभ की लंबाई	: 13.4
पर्णाभ छोरों के बीच की दूरी	: 29.3
पर्णाभ निवेशन पर चौडाई	: 5.6
अग्र निवेशन से नोक तक अरित्र की लंबाई	: 21
निचले बोर्डर की वक्रता पर अरित्र की लंबाई	: 14.3
अरित्र की अधिकतम चौडाई	: 7.3
गुद के भाग पर शरीर की गहराई	: 14.5
अरित्रारंभ के भाग पर शरीर की गहराई	: 18.5
नेत्र के भाग पर शरीर की लंबाई	: 16
अधोहनु के अग्र भाग से गुदमध्य तक की लंबाई	: 58
अधोहनु की लंबाई	: 6.9
ऊर्ध्व हनु की लंबाई	: 6.7
आँख का व्यास (क्षैतिज)	: 1.5
आँख का व्यास (ऊर्ध्वाधर)	: 0.5
जनन - रंध्र से गुद तक की दूरी	: 2
अधोहनु के एक भाग में दाँतों की कुल संख्या	: 18
ऊर्ध्व हनु के एक भाग में दाँतों की कुल संख्या	: 15
लिंग	: नर
भार	: 14कि.ग्रा

यह अभी अभी मरा एक युव नमूना था। इसके ऊतक और रक्त ताज़े थे और रक्त की मात्रा भी काफी अधिक थी। इसके दोनों फेफडे सिकुड गये थे।

इसका कण्ठछद पेशीय और चोंच जैसे आकार का था। आहार नली की लंबाई 525 से मी थी। उदर छोटा, वृत्ताकार का और श्लथ था। क्षुदांत्र की लंबाई 495 से मी थी। आहार नली में छोटी मछलियाँ और कवचप्राणियाँ अर्ध पाचित अवस्था में देखी गयी। वृक्क एक झिल्ली से आवृत अंगुर गुच्छ के समान दीख पडे। मूत्राशय आहार नाल और शिश्न के बीच एक छोटे बलुन के समान दीख पडा। शिश्न (श्वेत रंग का) एक घने पेशीय आच्छद के अन्तर देखा गया। यह नोकी एवं 14 से मी लंबाई का था। इसके वृष्ण शरीर के पार्श्व पल्लवों के अंतर स्थापित देखा गया। जननमूत्र छिद्र गुदा से एक घने उपास्थि से अलग किया हुआ था।

इस शिंशुक को यहाँ "गोनियो" कहते है। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर मालूम पडा कि यहाँ डॉल्फिनों या शिंशुकों केलिए एक लक्षित या नियमित मात्स्यिकी नहीं है। लेकिन यहाँ से प्रचालित डोल जालों में कभी कभी इन स्तनियों की पकड होती है। यहाँ के लोग इसके चर्म और यकृत का तेल लकडी के पोतों में लेपन करने केलिए उपयोग करते है।

सी एम एफ आर आइ के वेरावल अनुसंधान केन्द्र, वेरावल के जो के. किषकूडन और शोभा किषंकूडन की रिपोर्ट

* * * *

965 पुस्तक समीक्षा

शीर्षक : **समुद्री जैवप्रौद्योगिकी में नूतन प्रगति - खंड 5. प्रतिरक्षाजीवविज्ञान और रोग विज्ञान**
संपादक : **एम. फिंगरमान और आर. नागभूषणम**
विज्ञान प्रकाशक : *आइएनसी. एनफील्ड (एन एच), यू एस ए, प्लाइमाउथ, यूके*
आइ एस बी एन : खंड.5 1-57808 - 091 - 6
पृष्ठों की संख्या : 382
बाइन्डिंग : हार्डबाउण्ड

जैवप्रौद्योगिकी प्रक्रियाएं सूक्ष्मजीवविज्ञान और जैवरासायन के पारस्परिक प्रक्रिया है और मंड (स्टार्च) और चीनियों के सूक्ष्मजैविक किण्वन के ज़रिए पूरी मानवराशि को अनादिकाल से परिचित भी है। औषध, रासायन, कृषि, आहार और खाद्य उद्योगों में विश्वभर इसके प्रयोजन होने पर भी समुद्री जीवजातों पर वाणिज्यिक स्तर पर इसका प्रयोग अभी तक नहीं हुआ है। समुद्र कृषि में ऐसे असंख्य क्षेत्र जैसे फार्मोकोलोजिकल, टोक्सिकोलोजिकल मात्स्यिकी उत्पाद, मत्स्य खाद्य, प्रदूषण नियन्त्रण, रोगविज्ञान, रोगप्रतिरोध विज्ञान हैं जहाँ जैवप्रौद्योगिकी के गुण प्राप्त कर सकते है। पिछले कुछ दश वर्षों में समुद्री

जैवप्रौद्योगिकी में हुए प्रगति व विकास का असर एशिया के विकासशील देशों के अनुसंधान कार्यों में नहीं पडा है, अतः उनको इस क्षेत्र में और भी अध्ययन आवश्यक है। समीक्षाधीन पुस्तक "जैवप्रौद्योगिकी में नूतन प्रगति" - खंड:5- प्रतिरक्षा जीवविज्ञान और रोगविज्ञान श्रृंखला में पाँचवाँ है जिसका चौथा खंड जलकृषि बहुत ही विस्तृत खंड है। प्रतिरक्षा जीवविज्ञान और रोगविज्ञान से संबंधित यह खंड में 13 अध्याय हैं जिनकी तैयारी अन्तर्देशीय स्तर पर चुने गये विभिन्न देशों के उच्च निपुणतावाले खोजकर्ताओं ने की है और संपादन भौगोलिक स्तर पर आदरणीय 2 वैज्ञानिक डॉ. एम. फिंगरमान और डॉ. आर. नागभूषणम द्वारा हुआ है। प्रत्येक अध्याय की संरचना व्यवस्था चित्र, आयत चित्र, बहुभुज (पॉलिगोन्स), प्रकीर्ण प्रदर्शन (स्काटर डिस्प्लेय्स), सूक्ष्मदर्शीय फोटो (फोटोमाइक्रोग्राफ्स), डाटा सारणियाँ और संपूर्ण संदर्भ सूची और संकेतशब्दों के साथ अत्यन्त सतर्कता से किया है।

हाल के कुछ दशवर्षों में सार्वत्रिक जलकृषि गतिरोध में पडे तटीय प्रग्रहण मात्स्यिकी उत्पादन के विकल्प के रूप में गणनीय प्रासंगिकता या महत्व अर्जित कर रही है। पर्यावरणीय और आर्थिक दृष्टि में सफल कवचप्राणियों / पखमछली जातियों की जलकृषि केलिए उनके रोग, रोगाणु और सुरक्षा उपायों एवं रोग नियन्त्रण की जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य है। विश्वभर के तीव्र कृषि या संवर्धन के आगे पर्यावरणीय खतरे, अवनतियाँ, प्रदूषण और देशज रोगबाधा और बीज खाद्य आदि के आयात से संक्रमित विदेशी रोगबाधा आने वाली गंभीर धमकियाँ हैं। पुस्तक के इस खंड में केवल समुद्री द्विकपाटियों, चिंगट और अकशेरुकीय और टीलियोस्ट मछलियों के प्रतिरक्षाविज्ञान और रोगविज्ञान संबधी विषयों का प्रतिपादन किया गया है।

समुद्री द्विकपाटियों के प्रतिरक्षा साधनों का प्रथम अध्याय जो डॉ. फ्यू-लिन ए.च्यु, एक अग्रगणय प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ मरीन साइन्सेस, वेर्जीना, यू एस ए का योगदान है, कुछ वाणिज्यिक प्रमुख द्विकपाटियों के आन्तरिक प्रतिरक्षा पर एक विस्तृत समीक्षा है। लेखक ने शुक्तियों, शंबुओं और सीपियों के कोशकीय और देहद्रवी प्रतिरक्षाओं के बारे में प्राप्त हाल की उपलब्धियों का ठीक अनुकूलन किया है और हीमोसाइट आकृतिविज्ञान और प्रकार्य, देहद्रवी घटक और उनके प्रकार्य, कोशकीय और देहद्रवी घटकों का परिवर्तन; पर्यावरणीय घटकों और हीमोसाइट प्रकार्य और संक्रामक रोग जीवों के आगे प्रतिरक्षा और उनके विकृतिजन्य प्रभावों पर खूब प्रमुखता दी है। इस लेख में लेखक ने द्विकपाटी हीमोसाइटेसों के नॉनसेल्फ और सेल्फ चीज़ों और भक्षकाणु (फैगोसाइट) और सम्पुटित सूक्ष्मजैविक और अजैव 'नॉनसेल्फ' चीज़ों को पहचानने और शोथ और घाव सुखाने की दक्षता के बारे में विवरण देता है। फागोसाइटोसिस के अनुक्रमिक जैवरासायनिक प्रक्रम और अंतः कोशिकी किलिंग के बारे में बहुत कुछ जानकारी है, इस दिशा में नई सूचना विभिन्न स्रोतों से प्राप्त करना है।

डॉ. तोमस सी. चेंग, समुद्री अनुसंधान संस्थान, दक्षिण करोलिना, यू एस ए द्वारा तैयार किये गये द्वितीय अध्याय शुक्तियों की "कोशिकीय प्रतिरक्षा विधि" पर है। यह लेख शुक्तियों के कोशकीय और तरल रोधक्षम विधि व्यक्त करता है और यह सूचित करने का प्रयास किया है आगे किस प्रकार के निदर्शन व परीक्षण करना है। इस लेख में दुनिया के विभिन्न भागों के कार्यकर्ताओं के निरीक्षणात्मक और प्रयोगात्मक प्रलेखों, जैसे हीमोसाइट टाइप, कोशकीय प्रतिरक्षा के विभिन्न घटकों, लूसोसाइटोसिस, कीमोटक्सिस आदि का स्पष्टीकरण व्यवस्था चित्र, सूक्ष्मफोटोग्राफ, आयतचित्र आदि के ज़रिए स्पष्ट कर दिया गया है। लेख के अंत में लेखक ने मोलस्क प्रतिरक्षा पर परीक्षण तीव्र करने की आवशयकता पर ज़ोर देता है। यह लेख नवीनतम संदर्भ सूचियों से संपन्न भी है।

मरीन एन्ड कोस्टल सइसेंस, यू एस ए के कातरीन ए. अष्टोन अलकोक्स, बास्सेम अल्लाम और सूसन ई. फोर्ड द्वारा पुनरीक्षित "द्विकपाटी रोगविज्ञान में साइटोमेट्री प्रवाह का अनुप्रयोग" विभिन्न प्रयोगशालाओं से की गयी रिपोर्टों का एक सारांश है। साइटोमेट्री प्रवाह की सूत्रगुणता का स्वरूप, अर्बुदीय रोग में कोश चक्र तापमान और भक्षकाणुक दरों पर प्रभाव, द्विकपाटियों के विभिन्न हीमोसाइट काउन्टों में व्यष्टिगत विभिन्नता, आन्तरिक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया, जलोढ रोगाणुओं की प्रचुरता और जीवनाक्षम कोश का पहचान आदि अध्ययनों में व्यापक अनुप्रायोगिकता है।

अनुप्रायोगिकता के विभिन्न क्षेत्रों के पुनरीक्षण में लेखक ने इस पर कार्य किये कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त डाटा, ग्राफिक्स और प्रकीर्ण निदर्शन के साथ संबद्ध लेखों के संदर्भिका भी जोड दी गयी है।

यूनिर्वेसिटि कॉलज आफ वेटिनरी मेडिसिन, यू एस ए के एड्वेड जे. नोगा के "हीमोलिंफ बयोमार्कर्स ऑफ क्रस्टेशियन हेल्थ" कवचप्राणियों के विशेष ऊतकों और अवयवों के प्रकार्य निर्धारित करने केलिए रोगलक्षण जाँचने में हीमोलिंफों की योग्यता पर विस्तृत पुनरीक्षण करता है। पालन स्थानों एवं प्रकृति में कवचप्राणियों के स्वास्थ्य के ठीक निर्धारण केलिए ये अत्यन्त आवश्यक है। कुछ रोगों की व्यापकता पारिस्थितिक निम्नीकरण / आवास या पालन स्थानों के दबाव के सूचक माना जाता है। लेखक ने हीमोलिंफ जैवसूचक (बयोइन्डिकेटर) पर उपलब्ध साहित्यों का पुनरीक्षण किया है और जातियों पर उपलब्ध हीमोलिंफ रोगलक्षण पैरामीटरों को प्रभावित करनेवाले घटकों और इसके प्रभाव को सूचित करके इनका सारणीयन भी किया है। पुनरीक्षण हीमोलिंफ को एक स्वास्थ्य सूचक, रोगप्रतिरोध घटक, रासायनिक संघटक के रूप में प्रस्तुत करता है और एक लंबी संदर्भिका के साथ अन्य स्वास्थ्य सूचकों का भी विवरण देता है।

अगला लेख 'चिंगटों में होनेवाला वैरल रोग समझाने केलिए किए जानेवाला ऊतक संवर्धन तकनीक' पर है जो ताइवान के या - ली - सू जीवविज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों की समिति ने लिखा है। अस्सी के दशक में एश्याई देशों में चिंगट संवर्धन में रोग कारण से हुई कमी का विश्लेषण इस लेख में हुआ है। वैरल रोग के कई अभिलक्षणों पर विश्लेषण करते हुए यह निष्कर्ष पर आया है कि वैरल रोग के निर्णय केलिए इनविट्रो संवर्धन तकनीक अपनाना है।

किताब का छठ्वां अध्याय में "रोगों के रोकधाम केलिए इम्यूनोस्टिमुलन्ट का प्रयोग" विषयक लेख जोडा गया है। लेखक हैं ताइवान के राष्ट्रीय ताइवान विश्वविद्यालय के येन-हिंग संग और ची-चांग ह्यूआंग। चिंगटों से रोगकारक जीवों को निकालने केलिए इम्यूनोस्टिमूलन्टों का प्रयोग सफल न होने के परिप्रेक्ष्य में लेखकों ने इम्यूनोस्टिमुलन्टों का बहुविध प्रयोग पर सुझाव देता है।

अगला लेख यू एस ए मेरीलान्ड विश्वविद्यालय के काल बेइर-अन्डर्सन और रोबेर्ट आन्डर्सन द्वारा 'समुद्री अकशेरुकियों में पर्यावरणिक प्रदूषकों से होनेवाला इम्यूनोटॉक्सिसिटी' नामक लेख है। प्रदूषकों के कारण समूद्री जीवजातों के रोगप्रतिरोध शक्ति कम होते हुए देखा आया है। इसकेलिए लेखक हीमोसाइटों पर अध्ययन सकेंद्रित करने का सुझाव देता है।

अगला लेख "पालित सामन मछलियों में वाक्सिनेशन" विषय पर है। मछली पालन से जुडे हुए बहुविध परीक्षणों केलिए सामन मछलियों का उपयोग किया जाता है। रोग प्रतिरोध केलिए वाक्सिनेशन करते हुए इन पर किए परीक्षण-निरीक्षण सफल देखे गए। रोगविज्ञान, रोगप्रतिरोध विज्ञान, वाक्सिनॉलजी विषयों केलिए यह अध्ययन बहुत प्रयोगप्रद लगता है।

"टेलियोस्ट मछलियों के रोगकारक कोशिका और प्रतिरोध" पर लिखा गया नवाँ अध्याय विषय विशेषज्ञता का उदहरण है।

दसवाँ लेख "मछली रोगकारक राबडोवाइरसों के आण्विक जीव विज्ञान" पर जर्मन फेडरल रिसर्च सेन्टर के पीटर-जोकिम इनज़मान का लेख है। लेख में वर्गीकरण, जेनेम स्वरूप, जीनों का नामकरण, वैरल प्रोटीन, रोगजनकता और वाक्सीन, आण्विक महामारीविज्ञान आदि विषयों का प्रतिपादन हुआ है।

यू. के. के हारियट वाट विश्वविद्यालय के ब्रियान ऑस्टिन द्वारा लिखा गया अगला लेख 'जीवप्रौद्योगिकी रोगों का पहचान और नियंत्रण' लेख में विषय का अच्छा-खासा जानकारी प्राप्त होती है।

अगला लेख "पालित मछलियों के विब्रिओसिस में औषधों का प्रभाव" विषय पर है। लेखक जापान के ऐयी कोनन कालज के कजनकी ऊनो है।

अंतिम लेख रूस के यूरिन एस. अलकिन का है। विषय है 'इन्टरफेरोन इन्ड्यूर्सस' वैरल रोग के रोगधाम करते हुए उत्पादन बढाने में इन्टरफेरोन इन्डयूर्सस का काम इस लेख में विशद रूप से वर्णित है।

समुद्री कशेरुकियों और मछलियों के रोगप्रतिरोध विज्ञान और रोगविज्ञान पर लिखा गया यह प्रामाणिक पुस्तक इस क्षेत्र के अनुसंधेताओं और विद्यार्थियों केलिए बहुत उपयोगी होगा। पुस्तकालयों में इसकी प्रति ज़रूर होनी चाहिए। विषयों की चुनती और प्रस्तुतीकरण में संपादक द्वारा दिया गया प्रयास सराहनीय है।

डॉ एन. जी. मेनन

व. वैज्ञानिक, सी एम एफ आर आइ, कोचीन

Edited by Dr. N.G. Menon, Dr.P. Laxmilatha, Ms. P.J. Sheela and Ms. E. Sasikala. Published by Dr. N.G. Menon on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No. 1603, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014, Kerala, India, Printed at Cherrys Printers, Cochin - 682 017.